# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 13 | अंक 45 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 31 मार्च 2026 से 6 अप्रैल 2026 तक


# राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यक: सीएम

- कहा-व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से राजनीति में आने वालों से लोकतांत्रिक मूल्य और व्यवस्थाएं होती हैं प्रभावित
- जनप्रतिनिधि का संवेदनशील, अध्ययनशील, तनाव प्रबंधन में दक्ष और जनहित के लिए समर्पित होना आवश्यक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यक है। वे ही इस क्षेत्र में सक्रिय और सफल हो सकते हैं, जिनमें जनसेवा और जनकल्याण की भावना हो। व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से राजनीति में आने वाले लोगों के कारण लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जनप्रतिनिधियों के लिए जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील होना, अध्ययनशील होना, तनाव प्रबंधन में दक्ष होना और जनहित के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करना आवश्यक है।




### परम्पराओं का वर्तमान में भी पालन होना आवश्यक है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य सहित कई भारतीय शासकों के इतिहास से ज्ञात होता है कि उन्होंने कभी अपनी अगली पीढ़ी को राज सत्ता सौंपने का उपक्रम नहीं किया। राज्य के प्रबंधन में लगे लोगों ने ही उनके बाद व्यवस्थाएं संभाली। ऐसे महान शासकों का मानना था कि यदि अगली पीढ़ी में नेतृत्व क्षमता और राज सत्ता के प्रबंधन की दक्षता होगी, तो वे स्वयं इस दिशा में सक्रिय होंगे। इन भारतीय मूल्यों और परम्पराओं का वर्तमान में भी पालन होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों और सत्ता से जुड़े लोगों का अपने परिवार को समय देना और उन्हें अच्छे संस्कार देना जरूरी है।

### लोकतंत्र, भारतीय राजनैतिक व्यवस्था का नैसर्गिक गुण है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह मानना कि लोकतंत्र के विचार की उत्पत्ति पचिम से हुई थी, पूर्णत: सत्य नहीं है। लोकतंत्र, भारतीय राजनैतिक व्यवस्था का नैसर्गिक गुण है। भारतीय व्यवस्थाओं में सदैव से ही मत भिन्नता को सम्मान दिया गया है, राजनैतिक और धार्मिक व्यवस्थाओं में शास्त्रार्थ की परम्परा प्राचीन समय से रही है। भारत में विचारों की अभिव्यक्ति को सभी क्षेत्रों में सम्मान और महत्व प्रदान किया गया। भारत में ऐतिहासिक रूप से जुड़े लोकतंत्र के संस्कारों और मूल्यों का ही परिणाम है कि अंग्रेजों के जाने के बाद भी देश में लोकतंत्र पर आधारित व्यवस्थाएं सुगमता से संचालित होती रहीं। जबकि अन्य पड़ोसी देशों का हाल सामने है।

### 2047 के लक्ष्य में युवा जनप्रतिनिधियों की अहम जिम्मेदारी

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र किसी एक व्यक्ति, समुदाय या क्षेत्र की व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की स्वतंत्रता, न्याय, समानता और बंधुता पर आधारित एक व्यापक व्यवस्था है। भारत का लोकतंत्र नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही मजबूत होता है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 25 नवंबर 1949 के संविधान सभा के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे लागू करने वाले लोग कितने प्रतिबद्ध और नैतिक हैं।

# सरकार की प्रमुख संस्थाओं में बहुजनों की हो रही अनदेखी

- राहुल गांधी ने किया दावा, कहा-वरिष्ठ पदों पर बहुजनों की हिस्सेदारी नहीं

### कांग्रेस नेता ने कहा-इसी भेदभाव और अन्याय के खिलाफ हम लड़ रहे हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि सरकार की प्रमुख संस्थाओं में वरिष्ठ पदों पर बहुजनों की हिस्सेदारी नहीं है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने अपने जनसंसद कार्यक्रम में ग्रामीण बैंक के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के एक समूह से मुलाकात के बाद यह टिप्पणी की। वह समाज के विभिन्न वर्गों के समूहों से अक्सर मुलाकात करते हैं और इसे उन्होंने जनसंसद का नाम दिया है। राहुल गांधी ने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जनसंसद में कुछ दिनों पहले ग्रामीण बैंक के एसी-एसटी वेलफेयर एसोशिएसन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात हुई। उनकी समस्याएं ध्यान से सुनीं तो वही बात स्थापित हुई जो मैं हमेशा से कहता आया हूं कि बहुजनों की हिस्सेदारी किसी भी संस्था के वरिष्ठ पदों पर है ही नहीं। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल में आए



साथियों ने बताया कि किस तरह नीतिगत तरीके से प्रोन्नति के लिए नियम होने के बावजूद उनके साथ इसमें भेदभाव किया जाता है। कभी कामकाज, कभी योग्यता के बहाने से उनकी तरक्की रोक दी जाती है। और तो और अगर ये दलित-आदिवासी संगठन के पदाधिकारी आवाज उठाते हैं तो उनका बार-बार और सुदूर क्षेत्रों में तबादला करके सजा दी जाती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आरक्षण के कारण इन समुदायों को शुरुआती स्तर के पदों की नौकरियां तो मिल जाती हैं, मगर उसके बाद इनके लिए बड़े पदों तक पहुंच पाना नीतिगत भेदभाव के कारण लगभग असंभव हो जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, इसी भेदभाव, इसी अन्याय के खिलाफ हम लड़ रहे हैं। ये हालात हम मिलकर बदलेंगे, ताकि देश के हर वर्ग को हर संस्था में समान भागीदारी और हिस्सेदारी मिले।

# सीएम नीतिश का एमएलसी पद से इस्तीफा, मंत्री अशोक चौधरी रोए

- तेजस्वी यादव बोले-बीजेपी ने दबाव में इस्तीफा दिलवाया है

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के सीएम नीतिश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा विजय चौधरी और एमएलसी संजय गांधी लेकर विधान परिषद पहुंचे। मंत्री विजय चौधरी ने कहा, 'मुख्यमंत्री जी राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। ये तो संवैधानिक प्रक्रिया है। आज उन्हें इस्तीफा देना था। उनका त्यागपत्र एमएलसी संजय गांधी ने विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह सौंप दिया है।' नीतिश कुमार के इस्तीफे के बाद मंत्री अशोक चौधरी भावुक नजर आए। वो फफक कर रोते दिखे। वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा,



बीजेपी ने मुख्यमंत्री से दबाव में इस्तीफा दिलवाया है।

इधर, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का इस्तीफा बिहार बीजेपी के अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को सौंप दिया है। नितिन नवीन ने कल असम जाने से पहले अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा था। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने साफ किया है कि अगर नीतिश कुमार चाहें तो वे अगले 6 महीनों तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बने रह सकते हैं। मुख्यमंत्री नीतिश 16 मार्च को राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। उनके साथ एनडीए के चार अन्य सदस्य भी चुने गए थे।

# न्यूजीलैंड के साथ बड़ी डील की तैयारी में भारत

- पीएम मोदी की यात्रा जल्द, एफटीए पर हो सकता है साइन

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही न्यूजीलैंड की यात्रा पर जाने वाले हैं। इस यात्रा के दौरान भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर महत्वपूर्ण चर्चा और प्रगति की उम्मीद है। यात्रा की तारीखों की औपचारिक घोषणा अभी बाकी है। विश्व व्यापार संगठन की 14वीं मंत्री स्तरीय बैठक के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तावित न्यूजीलैंड यात्रा को नई गति मिली है। दोनों पक्षों ने पीएम मोदी की आगामी यात्रा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। न्यूजीलैंड ने इस यात्रा को लेकर प्रबल उत्साह व्यक्त किया और कहा कि यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों की सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के साथ एक उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी जाने की संभावना है, जो दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। दरअसल, मंत्रियों ने हाल ही में हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर की दिशा में चल रही वार्ताओं पर चर्चा की। एफटीए के अलावा, कृषि और खेल क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी दोनों पक्षों के बीच विस्तृत बातचीत हुई। इसमें भारतीय किसानों को कीवी और सेब की



खेती का प्रशिक्षण देने जैसी व्यावहारिक पहल शामिल हो सकती है, जो औपचारिक व्यापार समझौते से आगे बढ़कर दोनों देशों के बीच व्यावहारिक साझेदारी को बढ़ावा देने का संकेत देती है।

### मई में कनाडा जाएंगे पीयूष गोयल

इसी क्रम में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मई 2026 में कनाडा का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान वे व्यापार वार्ताओं और मुक्त व्यापार समझौते से जुड़ी चर्चाओं में हिस्सा लेंगे। गोयल की यह यात्रा भारत-कनाडा के बीच व्यापार संबंधों को नई गति देने और आर्थिक साझेदारी को विस्तार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इन दोनों दौरों से भारत की व्यापक व्यापार कूटनीति को बल मिलने की उम्मीद है, जिसमें प्रमुख साझेदार देशों के साथ मजबूत आर्थिक संबंध स्थापित करना शामिल है। कैमरून के याउंडे में चल रही बैठक में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल शामिल रहे।

# स्वच्छता नियमों पर नगर पालिका सख्त उल्लंघन करने वाले पर हुई कार्रवाई



**प्रदीप सिंह बघेल**

नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण करते हुए स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। चौपाटी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानदारों को गंदगी फैलाते हुए पाए जाने पर नगर पालिका की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 1000 का जुर्माना अधिरोपित किया। साथ ही, प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग पर संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा कचरे का निपटान केवल निर्धारित कचरा वाहनों के माध्यम से ही करें। नियमों की अनदेखी करने पर भविष्य में और कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

इसी क्रम में बुढार चौक क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान दो दुकानदारों के पास से कुल 5.3 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई। इस उल्लंघन पर संबंधित दुकानदारों से 1000 का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार स्वच्छता नियमों के उल्लंघन एवं पॉलिथीन प्रतिबंध के मामलों में कुल 2000 की राशि वसूल की गई। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में स्वच्छता नियमों एवं पॉलिथीन प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाएगा और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें, डस्टबिन का उपयोग करें तथा प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग पूर्णतः बंद करें अन्यथा कार्यवाही जारी रहेगी।

# रामनवमी पर भक्ति और सेवा का संगम, विशाल प्रभातफेरी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



इंदौर में रामनवमी का पावन पर्व इस वर्ष विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया, जहां श्री केंद्रीय साईं सेवा समिति धार्मिक एवं मानव सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में एक भव्य प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभातफेरी बड़े गणपति मंदिर से प्रारंभ होकर छत्रीबाग स्थित साईं मंदिर तक निकाली गई, जिसमें सैकड़ों साईं भक्तों ने भाग लेकर पूरे मार्ग को भक्ति और श्रद्धा से सराबोर कर दिया।

6 सुबह के समय निकली इस प्रभातफेरी में श्रद्धालु हाथों में ध्वज, भजन और जयकारों के साथ आगे बढ़ते नजर आए। वातावरण "जय श्री राम" और "साईं राम" के जयघोष से गूंज उठा, जिससे पूरे क्षेत्र में एक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। प्रभातफेरी के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भक्तों द्वारा स्वागत और सेवा की व्यवस्था भी की गई। गोरा कुंड चौराहे पर पांडुरंग भजन मंडल, नेहरू नगर द्वारा विशेष मंच सजाकर प्रभातफेरी का स्वागत किया गया। यहां समिति के अध्यक्ष गौतम सुरेंद्र पाठक का वारकरी संप्रदाय की परंपरा अनुसार टोपी और गमछा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं में उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पांडुरंग भजन मंडल के कलाकारों ने अपनी संगीतमय प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और प्रभातफेरी को एक सांस्कृतिक रंग भी प्रदान किया। कार्यक्रम में समाज के कई प्रमुख सदस्य और साईं भक्त उपस्थित रहे, जिनमें चंद्रकांत कुंजीर, चंदू भैया, सुनील भरथरी, खंडागले, पांडू, विनोद गोसर, संजय शिंदे, भाऊ साहब, स्वाति मोहिते, समीर जोशी, प्रदीप यादव, मोहन पालीवाल, मोहन पहलवान, सन्नी पठारे एवं बुधे काका सहित अनेक श्रद्धालुओं ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, सेवा और भक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। यह प्रभातफेरी न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और सेवा भावना का संदेश भी देती नजर आई। रामनवमी के इस पावन अवसर पर आयोजित यह आयोजन निश्चित रूप से सभी के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव बन गया।

# थाना चन्दन नगर पुलिस की बडी कार्यवाही

## गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी करने वाला तस्कर चन्दन नगर पुलिस की गिरफ्तर मे आरोपी शाहरुख से 8 गैस सिलेण्डर सहित घटना मे प्रयुक्त आटो रिक्शा जप्त तय कीमत से अधिक कीमत मे कर रहा था सिलेण्डर की कालाबाजारी

**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर शहर में गैस सिलेण्डर के अवैध भण्डारण , परिवहन एवं कालाबाजारी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह निर्देशन में लगातार कार्रवाई की जा रही है-

### कार्यवाही का विवरण

इसी क्रम मे दिनांक – 24.03.2026 को पुलिस उपायुक्त जोन–4 इंदौर श्री आनंद कलादगी एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन–4 श्री दिशेष अग्रवाल के निर्देशन तथा सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग अन्नपूर्णा शिवेन्दु जोशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चन्दन नगर तिलक कारोले के नेतृत्व मे चन्दन नगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र का उपयोग करते हुए एक व्यक्ति को आटो रिक्शा क्रमांक MP09RB1924 से कालाबाजारी करते



हुए 8 नग भारत गैस सिलेन्डर के साथ पकडा जिससे पूछताछ पर बताया कि अभी गैस सिलेण्डर की माँग ज्यादा है और सिलेण्डर आसानी से नही मिल रहे है । आरोपी के द्वारा 941 रूपये का गैस सिलेण्डर आम जन सीधे साधे लोगो को 2500 से 3000 रूपये मे बेच कर अवैध लाभ कमा रहा है इसलिए लालच मे आकर मै उक्त गैस सिलेण्डर ब्लेक कर रहा था । आरोपी भारत गैस एजेंसी धार रोड़ जिला अस्पताल में काम करता है आरोपी के खिलाफ थाना चंदननगरपर अपराध क्रमांक 381/26 धारा 3/7 ई सी एक्ट का कायम कर अनुसंधान में लिया है।

### नाम आरोपी

शाहरुख खांन पिता सलीम खांन उम्र 33 साल नि. 59 केशव नगर इंदौर जप्त माल - आटो रिक्शा क्रमांक MP09RB1924 तथा 8 नग भारत गैस सिलेन्डर सराहनीय कार्य टीम - थाना प्रभारी निरीक्षक तिलक कारोले, उनि सेवना सिंह ,सउनि जहीरूद्दीन शेख, आरक्षक 4071 धर्मेन्द्र यादव , आरक्षक 3625 शेलेन्द्र सिंह थाना चन्दन नगर की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 31 मार्च 2026 से 6 अप्रैल 2026 तक



# पुलिस कमिश्नर इंदौर ने बेहतर पुलिसिंग को लेकर की, पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**किसी अप्रिय स्थिति में आमजन की त्वरित सहायता हेतु संचालित डायल-112 के और बेहतर संचालन हेतु की जाएं लगातार मॉनिटरिंग**

**अवैध मादक पदार्थों की गतिविधियों की रोकथाम हेतु विशेष प्रयास कर प्रभावी कार्यवाही के लिये किया निर्देशित**

**आदित्य शर्मा**



इंदौर। शहर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु पुलिस की कार्यप्रणाली को बेहतर करने तथा उसमें और कसावट लाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा इंदौर नगरीय क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन आज दिनांक 27.03.26 को कार्यालय के सभागार में किया गया। उक्त बैठक में अति पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) इंदौर श्री अमित सिंह, अति पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) इंदौर श्री आर. के. सिंह सहित नगरीय क्षेत्र के सभी पुलिस उपायुक्तगण व अति. पुलिस उपायुक्तगण व थाना प्रभारीगण उपस्थित रहें। उक्त बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह ने पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करते हुए, अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही, बीट/माइक्रां बीट की कार्यप्रणाली, सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों आदि के साथ किसी घटना/दुर्घटना व अप्रिय स्थिति में आमजन की त्वरित सहायता हेतु शासन द्वारा संचालित की जा रही डायल-112 सेवा के संबंध में विशेष रूप से चर्चा करते हुए, इनके बेहतर संचालन तथा पुलिस की कार्यप्रणाली को और बेहतर करने के लिये निम्न दिशा-निर्देश दिए गए- थाना क्षेत्रों में चलने वाली एफआरवी वाहन में समुचित पुलिस स्टाफ अनिवार्य रूप से लगाया जावें और वह व्यवस्थित रूप से काम कर रहें है इसकी थाना प्रभारी द्वारा लगातार निगरानी की जावें तथा समय-समय पर वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा भी इसकी समीक्षा की जावें। एफआरवी वाहनों द्वारा निरंतर रूप से थाना क्षेत्रों में पेट्रोलिंग की जावें तथा कोई भी इवेंट आने पर तत्काल वह उक्त स्थान पर पहुंचें इसका भी ध्यान रखा जावें।

एफआरवी वाहनों में अप्रिय स्थिति में सहायता हेतु विभिन्न इक्विपमेंट दिए गये है, वो सभी वाहन में है और अच्छी हालत में है, ये भी समय-समय पर चेक किया जावें। किसी भी इवेंट पर कार्यवाही के समय स्टाफ बॉडी वार्न कैमरों व डेशबोर्ड कैमरों का प्रयोग आवश्यक रूप से करें ये भी सुनिश्चित किया जावें। पुलिस की कार्यवाही में और कसावट लाने के लिए थाना क्षेत्रों के बीट और माइक्रो बीट सिस्टम को सक्रिय कर, कार्यों की समीक्षा व सतत निगरानी की जावें। थानो की बीट/माइक्रो बीट में लगें पुलिस बल के कार्यों की भी समय-समय पर मॉनिटरिंग की जावें तथा फील्ड में आने वाली कठिनाईयों पर उनसे बात कर उन्हें और बेहतर कार्यवाही के लिये ब्रीफ भी किया जावें। शहर में अवैध मादक पदार्थों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये योजनाबद्ध तरीके से इन अपराधों में संलिप्त बदमाशों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जावें तथा इनके नेटवर्क को भी ध्वस्त किया जावें। एनडीपीएस एक्ट के आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी की जावें तथा इनके विरूद्ध सख्त व कड़ी कार्यवाही की जावें। आमजन की शिकायतों को प्राथमिकता से लेते हुए उनकी व्यथा को अच्छे से सुन, उनके त्वरित निराकरण के हरसंभव प्रयास किये जावें। 0 साथ ही सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आमजन की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से आमजन में महिला सुरक्षा, यातायात, सायबर अपराधों व अन्य सामाजिक विषयो पर जनजागरूकता लाने हेतु मोहल्ला समितियों के साथ समय-समय पर बैठकें आयोजित कर उनकी समस्याओं व सुझावों पर कार्यवाही करने पर भी जोर दिया। बैठक के दौरान इंदौर पुलिस की डायल-112 की टीम द्वारा थाना प्रभारियों को एफआरवी के और बेहतर संचालन हेतु किन तकनीकी बातों को ध्यान रखे व अधीनस्थ स्टाफ को भी क्या करना है और क्या नहीं करना है आदि बातों के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया गया।

## SECL की लापरवाही का नहीं कोई अंत दूषित कचरे से खतरे में पड़े गौवंश

**प्रदीप सिंह बघेल**



शहडोल जहां एक तरफ गौवंश को बचाने और उनकी सुरक्षा की मांग जोरों पर हैं वहीं जिले के धनपुरी नगरपालिका अंतर्गत बैगा माइंस के समीप SECL प्रबंधन और नगर का कूड़ा-कचरा खुले में डंप किया जा रहा है, जिसमें बायो वेस्ट और प्लास्टिक पन्नियां बड़ी मात्रा में शामिल हैं। इस कचरे के बीच गौवंश और अन्य मवेशी भोजन की तलाश में पहुंचकर प्लास्टिक और जहरीले अवशेषों का सेवन कर रहे हैं। इससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है और मौत का खतरा लगातार मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि आखिर यह कचरा खुले में कौन फेंक रहा है, लेकिन इसकी जिम्मेदारी से कोई भी बच नहीं सकता,नगर पालिका और संबंधित विभागों की अनदेखी के चलते यह समस्या दिन-ब-दिन विकराल होती जा रही है।

गौरतलब है कि हाल ही में अमलाई ओपन कास्ट माइंस क्षेत्र में SECL की लापरवाही के चलते केमिकल युक्त पानी पीने से 8 से अधिक गोवंशों की मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया था, एक मां गाय का अपने बछड़े के सामने तड़प-तड़प कर दम तोड़ना बेहद ही मार्मिक और दिल दहला देने वाला दृश्य था, जिसने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया था,इसके बावजूद हालात में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है। अब बंद पड़ी बैगा माइंस के पास फैल रहा यह कचरा एक और बड़े हादसे की आशंका को जन्म दे रहा है। स्थानीय नागरिकों गौर रक्षक और पशु प्रेमियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल इस क्षेत्र की सफाई कराई जाए, कचरा फेंकने वालों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए और गौवंश की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, वरना यह लापरवाही आने वाले समय में और भी भयावह रूप ले सकती है।

वहीं इस पूरे मामले में म.प्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शहडोल के क्षेत्रीय अधिकारी (RO) डॉ अशोक कुमार तिवारी का कहना है कि व्हाट्सअप के माध्यम से कुछ वीडियो प्राप्त हुए है, उस पर कार्यवाही करते हुए संबंधित CBW के संचालक और SECL को पत्राचार किया और जिस नगर परिषद द्वारा कचरा फेंका जा रहा उसकी जांच कर दोषियों पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## घर के बच्चों को ईदी बांटने के बाद अब मोहल्ले की खुशियों की बारी आई



अल्हमदुलिल्लाह, आज ग्रीन पार्क कॉलोनी में नन्हे हाजी साहब वाली गली में बहुप्रतीक्षित आरसीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ हुआ। लंबे समय से क्षेत्रवासियों की यह मांग थी, जो आज पूरी होते देख हर चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है। यह केवल एक सड़क का निर्माण नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास की एक मजबूत नींव है। एक सच्चे जनप्रतिनिधि से जनता की यही अपेक्षा होती है कि वह समय पर जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दे और उन्हें धरातल पर उतारे। ऐसे कार्य किसी भी त्योहार की ईदी से कम नहीं होते, क्योंकि ये सीधे जनता की रोजमर्रा की जिंदगी को आसान बनाते हैं। आप सभी क्षेत्रवासियों का प्यार, विश्वास और सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। दिल से शुक्रिया आप सभी की मोहब्बतों और समर्थन के लिए। आगे भी इसी तरह मिलकर अपने क्षेत्र को और बेहतर बनाने का संकल्प लेते हैं।

# देहबुद्धि से आत्मबुद्धि में स्थित होने की प्रक्रिया है सहजयोग

**यदा संहरते चायं कूर्मोऽङ्गानीव सर्वशः।इन्द्रि याणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता**

'भगवद्गीता'परमपूज्य श्री माताजी प्रणित सहजयोग अपने जीवन को सर्वांगसुंदर बनानेवाला एक अनुभुतिजन्य ध्यानाविष्कार है, जिसे विश्व का कोई भी व्यक्ति, जो अध्यात्मिकता की खोज कर रहा हो, अपने अराध्य को पाने के लिये धर्मग्रंथों का पठन कर रहा हो, मंदिरों में जाकर विविध प्रकार की पूजायें अर्पित कर रहा हो, उसे यह योग प्राप्त होता है । सहज योग एक 'सत्ययोग' है , इसलिये सभी सत्य के साधक जो 'परम' को पाना चाहते हैं, और उस परम को पाने की ललक में तीर्थयात्रायें कर रहे हैं, व्रतवैकल्यों का अनुसरण कर रहे हैं उन्हें अपनी अंतरात्मा से पूछना पड़ेगा कि, क्या मुझे अंतरंग परमात्मा के परमानंद की अनुभूति प्राप्त हुई ? अगर आपका उत्तर सकारात्मक है, तो उपरोक्त श्लोक मे वर्णित कूर्म जैसे आप अपने पंच ज्ञानेंद्रीयों को अंतरात्मा में स्थापित कर, बाहर की सभी नकारात्मकता से स्वयं को बचाकर,



निरानंद का आनंद उठा पा रहे हैं? यदि नहीं तो सहजयोग आपकी राह देख रहा है । परमपूज्य श्री माताजी कहते हैं कि, आप आत्मा को पाये बगैर परमात्मा को प्राप्त नहीं कर सकते । और अपने हृदयस्थित आत्मा को पाने के लिये आपको हृदय में विनम्रता का भाव धारण कर श्री आदी शक्ति से अपना आत्मसाक्षात्कार माँगना होगा, जब आपका योग घटित होगा तब आपके पिंड में स्थित कुंडलिनी माता उर्ध्वगामी होकर आपके सहस्त्रार का भेदन कर ,आपको शीतल चैतन्य लहरियों का स्नान करा देगी । और इस आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के बाद जिस प्रकार आप आईने में अपने मुखमंडल का अवलोकन करते हैं उसी प्रकार आप अपने आत्मारूपी आईने से अपने अंतरंग को मलीन करने वाले षड् रिपुओं को देख सकेंगे । जब आप आपने अंदर के दोषों को देख सकेंगे तो पूरी इमानदारी से उसे धोने की कोशिश करेंगे और इसके उपरांत आप एक बच्चे जैसे बन जायेंगें, बच्चों में अपने पराए का भाव नहीं होता, वे सभी को अपना समझते हैं, उसी प्रकार की अबोधिता एक आत्मसाक्षात्कार प्राप्त साधक में होनी चाहिये। श्री माताजी कहते हैं कि, भगवान श्रीकृष्ण हमारे विशुद्धि चक्र पर विराजमान हैं, नियमित ध्यान से जब हमारा विशुद्धि चक्र स्वच्छ होता है, तो वह चक्र हमे वाणी मधुरता, सामुहिकता, साक्षीभाव प्रदान करता है । श्रीकृष्ण हमें अनेक शक्तियों से आशीर्वादित करते हैं।

---

### आज वर्तमान शासन नायक 1008 श्री भगवान महावीर स्वामीजी का जन्म कल्याणक है...

**तो बोलो जय (निम्न कविता की प्रत्येक लाइन के प्रथम अक्षर को जोड़ने से बने नाम) बारम्बार जय**


"आज महावीर प्रभूजी जयंती हैं"
भक्ति भाव जागे, महावीरजी जयंती है आज,
गली,चौबरा,बरसा प्यार,वीर जयंती हैं आज,
वास्तव में मन मयूर खूब खूब नाच रहा आज,

नमन करो नर नारी, वर्धमान जयंती है आज,
"श्रीजी रथ"नगर घूमे,अतिवीर जयंती हैं आज,
महल,घर.घर से, प्रभू जी दर्शन कर लो आज,
हार्दिक शुभकामना हो, महावीर जयंती हैं आज,

विपिन विपिन में,पक्षी कर रहे खूब कलरव आज,
रम जाओ भक्ति में, तीर्थंकर की जयंती है आज,
स्वच्छ कर तन मन,करो दर्शन,पूजन,आरती आज,
वाह वाह जैन धर्म की हो, सेवा संकल्प लो आज,

मीठे बोल से जय बोलो, वर्तमान शासक की आज,
कीचड़ मन का धो डालो,महावीर जयंती है आज,
जप लो मन से, सुंदर सुंदर प्रभू का ही नाम,
यहाँ छायी खुशी अपार,महावीर जयंती हैं आज,

**विपिन जैन "श्री जैन "**
**218, श्री मङ्गलनगर इंदौर**



# अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध पुलिस थाना बाणगंगा इंदौर की प्रभावी कार्यवाही में 03 आरोपी गिरफ्तार

आदित्य शर्मा

**आरोपियों के कब्जे से 10 ग्राम MD ड्रग्स कीमत लगभग 1,00,000/ रुपए बरामद की गई। आरोपियों से एक चारपहिया वाहन भी जब्त किया गया।**

इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थों की गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष सिंह द्वारा प्रभावी कार्यवाही के दिए निर्देशों के अनुक्रम में थाना बाणगंगा पुलिस द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा रही थी। इसी अनुक्रम में पुलिस थाना बाणगंगा को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 29/03/2026 की रात्रि में क्षेत्र भ्रमण एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा रूटीन चेकिंग कार्यवाही करते हुए एक संदिग्ध फोर्ड गाड़ी को रोक गया जिसमे सवार तीन व्यक्ति गतिविधियों से संदिग्ध लगे जिन्हें पूछताछ करने पर कुछ का कुछ बयान कर रहे थे। बाद दौराने कार्यवाही सख्ती से पूछने पर तीनों ने अपना नाम पता अनीश पठान ,निवासी चन्दननगर, इंदौर जुबेर खान निवासी चंद्रभागा सांवेर, इंदौर, रेहान मंसूरी, निवासी धार रोड बताया बाद कार की तलाशी लेने पर कार की पिछली सीट के पास से 10 ग्राम MD ड्रग्स मिलीं जिसे विधिवत जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना बाणगंगा, इंदौर में धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है, जिसमें विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही अवैध मादक पदार्थ के स्रोत एवं अन्य साथियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है।













गिरफ्तार आरोपी अनीश पठान ,निवासी चन्दननगर, इंदौर जुबेर खान निवासी चंद्रभागा सांवेर, इंदौर रेहान मंसूरी, निवासी धार रोड , इंदौर जप्त मश्रुका- 10 ग्राम MD ( अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 1,00,000 ) व एक चारपहिया फोर्ड कार कीमत 4,00,000 कुल जप्त मश्रुका 5,00,000 सराहनीय भूमिका उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक राहुल काले एवं प्र आर सचिन सैनी, आर सुखवेंद्र एवं आर धर्मेंद्र की अहम भूमिका रही।

# राम नवमी पर इंदौर हुआ राममय

## जवाहर टेकरी से रणजीत हनुमान मंदिर तक निकली ऐतिहासिक भव्य शोभा यात्रा, जय श्री राम के जयघोष से गूंजा शहर

**आदित्य शर्मा**

**इंदौर । श्री राम नवमी के पावन पर्व पर शहर में आस्था, उत्साह और भक्ति का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। जवाहर टेकरी स्थित इच्छा पूर्ण बालाजी मंदिर से रणजीत हनुमान मंदिर तक एक भव्य, विशाल और ऐतिहासिक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों नहीं बल्कि हजारों से भी अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे शहर को राममय कर दिया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी।**

विधि-विधान के साथ भगवान श्रीराम का पूजन-अर्चन कर यात्रा का शुभारंभ किया गया जैसे ही शोभा यात्रा आगे बढ़ी, पूरा मार्ग "जय श्री राम", "जय हनुमान" और "हर-हर महादेव" के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं का जोश, भक्ति और ऊर्जा देखते ही बन रही थी।







### आकर्षक झांकियां बनीं मुख्य आकर्षण, हर किसी की नजरें ठहर गईं


शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और पवनपुत्र हनुमान की जीवंत झांकियां सजाई गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों से सजे रथ, पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों की प्रस्तुतियां और धार्मिक संगीत ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, बैंड-बाजों की धुन और डीजे पर बजते भक्ति गीतों के बीच युवा वर्ग भी जमकर झूमता नजर आया। जगह-जगह समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा मंच लगाकर पुष्प वर्षा की गई और यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। विशेष अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति, दिया एकता और धर्म का संदेश इस भव्य आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में राऊ विधायक मधु जी वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी जीतू जी जिराती, तन्नू जी शर्मा, अखिल भारतीय बलाई महासंघ के अध्यक्ष मनोज जी परमार, जिला पंचायत सदस्य दिलीप जी पटेल एवं सरपंच नारायण चौहान उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भगवान श्रीराम के आदर्शों-सत्य, मर्यादा, धर्म और त्याग-को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। सुरक्षा और व्यवस्था रही चाक-चौबंद, प्रशासन रहा पूरी तरह मुस्तैद इतने बड़े आयोजन को देखते हुए प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा और यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखा गया।

# विराट भगवा यात्रा का आयोजन

## हनुमान जयंती पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

इंदौर शहर में आगामी हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर एक विशाल विराट भगवा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य धार्मिक आयोजन 02 अप्रैल 2026, गुरुवार, शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। इस यात्रा का शुभारंभ श्रीराम जानकी मंदिर (मयूर हॉस्पिटल के पीछे, सूरज नगर) से होकर बाहरी पत्थर हनुमान मंदिर तक किया जाएगा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और बजरंगबली की आकर्षक झांकियां, भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और धार्मिक उत्साह का विशेष आकर्षण रहेगा। आयोजकों ने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। आयोजकों द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इस भगवा यात्रा में किसी भी प्रकार का चंदा नहीं लिया जाएगा। श्रद्धालुओं की उपस्थिति ही उनके लिए सबसे बड़ा सहयोग है। इस आयोजन के मुख्य आयोजक गदाधारी सेवक भारत सिलावट एवं तेजकुमार सिलावट हैं, जिनके साथ कई समाजसेवी और सहयोगी इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

मीडिया सहयोगः रणजीत टाइम्स




अपीलः सभी श्रद्धालु समय पर पहुंचकर इस भव्य भगवा यात्रा में शामिल हों और धर्म एवं संस्कृति के इस उत्सव का हिस्सा बनें।

# इंदौर दुग्ध संघ द्वारा दुग्ध प्रदायक एवं दुग्ध उत्पादकों के लिए swaksh दुग्ध उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**खुशबू श्रीवास्तव**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय के निर्देशन में भारत सरकार द्वारा संचालित National Programme for Dairy Development (NPDD) योजना अंतर्गत इंदौर सहकारी दुग्ध संघ से संबंधित झाबुआ मिनी डेयरी प्लांट अंतर्गत कार्यरत दुग्ध समितियों के दुग्ध प्रदायक सदस्यों हेतु स्वच्छ दूध उत्पादन विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 198 किसानों की उपस्थिति दर्ज की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को दुग्ध संघ द्वारा जिला सहकारी संघ के माध्यम से सम्पन्न कराया गया। उक्त कार्यक्रम में किसान/दुग्ध प्रदायक सदस्यों/ दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध समितियों से जुड़ने के लाभ, स्वच्छ दूध उत्पादन की प्रक्रिया, आय में वृद्धि की जानकारी के साथ-साथ दुग्ध प्रदायकों को पशु के रखरखाव, पशुओं के लिए सुदाना आहार एवं मिनरल मिक्चर के लाभ, समिति संचालन में दुग्ध उत्पादकों की भूमिका एवं दुग्ध संघ द्वारा किसानों के हित के लिये चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी।



# जनगणना 2026- पहले चरण के लिए 33 सवाल तय

ऑनलाइन पोर्टल पर भी जानकारी दे सकेंगे, लिव-इन कपल को शादीशुदा का दर्जा मिलेगा देश में जनगणना का पहला फेज अप्रैल से सितंबर 2026 तक चलेगा

जनगणना-2026 का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है। इसमें 33 सवाल पूछे जाएंगे। इसके मुताबिक, स्थिर रिश्ते में रहने वाले लिव-इन कपल्स को भी शादीशुदा माना जाएगा। ऐसा तब ही होगा जब कपल मानेगा कि उनका रिश्ता लंबा चलने वाला है। पहले फेज के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां लोग खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। उनकी मदद के लिए इस पोर्टल पर FAQ (अक्सर पूछे जाने वाले सवाल) भी दिए गए हैं। यह चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' कहलाता है। इसका मकसद देश में घरों और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी जुटाना है, ताकि सरकार बेहतर योजनाएं बना सके। दूसरे चरण में आबादी से जुड़ी डिटेल जानकारी ली जाएगी।

### जनगणना आयुक्त बोले- रेफरेंस डेट बहुत महत्वपूर्ण

भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण कहते हैं, 'जनगणना की संदर्भ तिथि (रेफरेंस डेट) बहुत महत्वपूर्ण है। संदर्भ समय 1 मार्च की आधी रात है, जो 28 फरवरी 2027 और 1 मार्च 2027 के बीच पड़ती है। इस संदर्भ तिथि का उल्लेख 16 जून 2025 को जारी पहली अधिसूचना में किया गया था, जिसमें जनगणना कराने के इरादे की घोषणा की गई थी। इसी संदर्भ तिथि के कारण इसे जनगणना 2027 कहा जाता है। 16 जून, 2025 को अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 ही बनी हुई है। जनगणना के परिणामों से प्रत्येक प्रशासनिक इकाई, राज्य, जिले, गांव और वार्ड की जनसंख्या और विभिन्न आंकड़ों की एक झलक मिलेगी, जैसा कि वे 1 मार्च, 2027 को 00:00 बजे की स्थिति में होंगे। इसलिए यह संदर्भ तिथि बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में जनगणना दो चरणों में की जाती है। पहला चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' है, जिसमें घरों की सूची बनाना और उनकी गिनती करना शामिल है।

### पहला फेज 1 अप्रैल 2026 से

केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA) ने 8 जनवरी को बताया था कि देश में होने वाली जनगणना 2027 का पहला फेज 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच किया जाएगा। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने यहां 30 दिनों में यह काम पूरा करेंगे सरकार ने यह भी कहा कि घरों की लिस्टिंग शुरू होने से 15 दिन पहले लोगों को खुद से जानकारी भरने (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। दरअसल, जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे टाल दिया गया था। यह अब 2027 में पूरी होगी।

### जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी

सरकार ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिए जानकारी जुटाएंगे। मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। ये ऐप Android और iOS दोनों पर काम करेंगे। जाति से जुड़ा डेटा भी डिजिटल तरीके से इकट्ठा किया जाएगा।

आजादी के बाद पहली बार जनगणना में जाति की गिनती शामिल होगी। इससे पहले अंग्रेजों के समय 1931 तक जाति आधारित जनगणना हुई थी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने अप्रैल में लिया था। 2011 की पिछली जनगणना के अनुसार, भारत की आबादी करीब 121 करोड़ थी, जिसमें लगभग 51.5% पुरुष और 48.5% महिलाएं थीं।

## MTH अस्पताल में गार्ड पलक चौहान पर लगाए गए आरोप, गार्ड ने बताया -"आरोप झूठे हैं"




**खुशबू श्रीवास्तव**

Maharaja Tukojirao Hospital (MTH) में तैनात गार्ड पलक चौहान पर मरीज के परिजनों द्वारा पैसे मांगने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि गार्ड पलक चौहान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। बताया जा रहा है कि मरीज के परिजनों ने आरोप लगाया कि हम OPD मे दिखाने गए थे वही अस्पताल परिसर में उनसे पैसे की मांग की गई। मामले के सामने आने के बाद जब गार्ड पलक चौहान से बातचीत की गई, तो उन्होंने कहा कि उन पर लगाए गए सभी आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं।

पलक चौहान का कहना है,-"जिस समय की यह घटना बताई जा रही है, उस समय मेरी ड्यूटी ही नहीं थी। मुझे बेवजह बदनाम किया जा रहा है।"

## इंदौर दुग्ध संघ द्वारा दुग्ध प्रदायक सदस्यों के लिए स्वच्छ दुग्ध उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन





**खुशबू श्रीवास्तव**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय बलबीर शर्मा जी के निर्देश अनुसार भारत सरकार द्वारा संचालित National Programme for Dairy Development (NPDD) योजना के अंतर्गत इंदौर सहकारी दुग्ध संघ से संबंधित पेटलावद शीतकेन्द्र अंतर्गत कार्यरत दुग्ध समितियों के दुग्ध प्रदायक सदस्यों हेतु स्वच्छ दूध उत्पादन विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 190 किसानों की उपस्थिति दर्ज की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को दुग्ध संघ द्वारा जिला सहकारी संघ के माध्यम से सम्पन्न कराया गया।

उक्त कार्यक्रम में किसान/दुग्ध प्रदायक सदस्यों/दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध समितियों से जुड़ने के लाभ, स्वच्छ दूध उत्पादन की प्रक्रिया, आय में वृद्धि की जानकारी के साथ-साथ दुग्ध प्रदायकों को पशुओं के रखरखाव, पशुओं के लिए सुदाना आहार एवं मिनरल मिक्चर के लाभ, समिति संचालन में दुग्ध उत्पादकों की भूमिका एवं दुग्ध संघ द्वारा किसानों के हित के लिये चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी।

## आंतरिक सौंदर्य हमारे चरित्र और जीवन को सुंदर बना देता है

गुरु सुकरात दिखने में सुंदर नहीं थे। एक दिन वे आईना हाथ में ले कर चेहरे को निहार रहे थे। तभी उनका शिष्य वहाँ आया और अपने गुरु को आईना देखते देखकर उसे अजीब सा लगने लगा। वह कुछ बोला नहीं बस मुस्कुराने लगा। गुरु सुकरात अपने शिष्य के मुस्कुराहट का अर्थ समझ गये। और, अपने शिष्य को समझाते हुये बोले, "मैं तुम्हारे मुस्कुराने का अर्थ समझ गया। तुम सोच रहे होगे कि मुझ जैसा कुरुप व्यक्ति अपने को आईने में क्यों देख रहा है। जानते हो मैं आईना क्यों देखता हूँ।" "नहीं" शिष्य का जवाब था। सुकरात मुस्कुराते हुए बोले, " मैं कुरुप हूँ इसीलिए आईना देखता हूँ क्योंकि आईना देखने पर मुझे कुरुपता का आभास होता है और मैं प्रयास करता हूँ कि कुछ ऐसा अच्छा काम करुं जिससे मेरी कुरुपता ढक जाये।" शिष्य को यह बात बहुत प्रेरणास्पद लगी। एक और संशय से शिष्य ने पूछा, "सुंदर लोग भी तो आईना देखते हैं। वो तो अपना ऊपरी सौंदर्य ही देखते हैं।" गुरु सुकरात बोले कि वे भी आईना देखकर अपने सौंदर्य पर गर्व करते हैं, अच्छी बात है। पर, साथ ही यह प्रयास भी करना चाहिए कि अपने अंदर के सौंदर्य को भी बढ़ाये ताकि ऊपर का सौंदर्य सदा बरकरार रहे व और निखरे।" शिष्य को गुरु की बात समझ में आ गई और वह गुरु के आगे नतमस्तक हो गया। अंदर के सौंदर्य को हम गुरुवर की तरह आईने में नहीं देख सकते हैं। हमें स्वयं को बंद आंखों से देखना होगा। आत्मनिरीक्षण करना होगा। प्रयास करना होगा कि मन और भाव की सुंदरता को बढ़ाये ताकि आंतरिक सौंदर्य की खुशबू औरों तक पहुंचे और उन्हें भी सुंदर बनने की प्रेरणा मिले। इसके लिए सरल मार्ग है सहज योग का मार्ग जिसके माध्यम से स्वयं की बुराइयों से मुक्ति पाकर अंदर के गुणों को विकसित करने की तकनीक हम सीखते हैं।



हमारे अंदर के सूक्ष्म शरीर, नाड़ियों और चक्रों के बारे में जानते हैं और उनसे हमारे जीवन में होने वाले उत्थान से भिज्ञ होते हैं। ध्यान के फायदे अनेक हैं प्रेम, क्षमाशीलता, संतोष, कलात्मकता, निर्भयता और नम्रता जैसे गुण स्वयंमेव ही हमारे अंदर स्थापित होने लगते हैं। हमें यह पता ही है कि ऊपरी सौंदर्य स्थायी नहीं होता पर आंतरिक सौंदर्य हमारे चरित्र और जीवन को सुंदर बना देता है। कहते हैं ना 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' तो चलिये गुरु सुकरात की तरह आत्मनिरिक्षण करने की कला सीखते हैं, जुड़ते हैं सहज योग से। सहज योग के बारे में जानने हेतु हमारा टोल फ्री नंबर है 18002700800 पर कॉल कर सकते हैं।

# अस्पताल के खाने में निकले 'जिंदा कीड़े': कोकिलाबेन अस्पताल में मासूम की जान से खिलवाड़

दीपक वाड़ेकर

## प्रशासन की टीम ने मारा छापा, किचन के सीलबंद पैकेटों में भी रेंगते मिले कीड़े; सैंपल जब्त

इंदौर। शहर के प्रमुख और खुद को सुरक्षित बताने वाले कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल की एक बड़ी और शर्मनाक लापरवाही सामने आई है। अस्पताल में भर्ती एक 5 साल के मासूम बच्चे कबीर मालवीय को परोसे गए खाने में 'जिंदा कीड़े' रेंगते हुए दिखाई दिए। परिजनों द्वारा हंगामे और शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की CMO टीम ने मौके पर पहुंचकर किचन का मुआयना किया, जहाँ खाद्य सामग्री के पैकेटों में भी कीड़े घूमते पाए गए।



### क्या है पूरा मामला?

मिली जानकारी के अनुसार, 5 साल का मासूम कबीर मालवीय अस्पताल में उपचाराधीन है। रविवार को जब अस्पताल प्रबंधन की ओर से बच्चे के लिए खाना आया, तो उसे देखते ही परिजनों के होश उड़ गए। दाल-चावल की थाली में साफ तौर पर कीड़े रेंग रहे थे। परिजनों ने तुरंत इसका वीडियो बनाया और अस्पताल प्रबंधन से जवाब मांगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर परिजनों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया।

जांच में खुली पोल: किचन में मिला कीड़ों का अंबार शिकायत मिलते ही प्रशासन की ओर से CMO टीम कोकिलाबेन अस्पताल पहुंची। जब टीम ने अस्पताल के किचन और स्टोर रूम की जांच की, तो वहां की स्थिति बेहद खराब मिली। हैरानी की बात यह है कि केवल थाली में ही नहीं, बल्कि स्टोर में रखे राशन के सीलबंद पैकेटों के भीतर भी कीड़े रेंगते हुए पाए गए। टीम ने तत्काल प्रभाव से खाने के सैंपल लिए और उन्हें जांच के लिए लैब भेज दिया है।

### महंगी फीस, पर घटिया सर्विस

पीड़ित बच्चे के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूलता है, लेकिन साफ-सफाई और खाने की गुणवत्ता के नाम पर मरीजों को 'जहर' परोसा जा रहा है। 5 साल के बच्चे को ऐसा संक्रमित खाना देना जानलेवा साबित हो सकता था।

### प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार

फिलहाल खाद्य विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रिपोर्ट तैयार कर ली है। अब देखना यह है कि शहर के इतने बड़े अस्पताल के खिलाफ प्रशासन क्या सख्त कदम उठाता है। क्या केवल जुर्माना लगाकर मामला रफा-दफा कर दिया जाएगा या मरीजों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले इस प्रबंधन पर कठोर कार्रवाई होगी?

# HPV वैक्सीनेशन को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की प्रेरक पहल -बालिकाओं से सीधे संवाद कर किया जागरूक

## अफवाहों पर ध्यान न दें, बालिकाओं का टीकाकरण सुरक्षित भविष्य के लिए जरूरी: कलेक्टर प्रियंक मिश्रा

दिलीप पाटीदार

धार, कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने आज स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और टीकाकरण अभियान की जमीनी हकीकत जानने के लिए ब्रह्माकुण्डी स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने #HPV_वैक्सीनेशन (सर्वाइकल कैंसर बचाव टीका) अभियान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा स्वयं क्षेत्र की गलियों में पहुंचे और बालिकाओं के घर-घर जाकर पालकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने अभिभावकों को समझाया कि यह टीका उनकी बेटियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच है। उन्होंने पालकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांतियों में न आएं और अपनी



बेटियों का टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराएं। संवाद के दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि टीकाकरण को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें। यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है। उन्होंने समाज के सभी जागरूक नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में भागीदारी निभाएं और अधिक से अधिक बालिकाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र बालिका टीकाकरण से वंचित न रहे। माइक्रो प्लानिंग के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए। जिले में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर) से बचाने के लिए संचालित एचपीवी (HPV) टीकाकरण अभियान को मिशन मोड पर संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को विकासखंडवार जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि हर स्तर पर निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बताया कि यह टीका किशोरियों को इस जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखने में अत्यंत प्रभावी है। यह वैक्सीन सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है और वैज्ञानिक रूप से पूरी तरह सुरक्षित एवं प्रमाणित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा मान्यता प्राप्त इस टीके का प्रजनन क्षमता पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है और यह सिंगल डोज में प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 14 से 15 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए यू-विन (U-Win) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। अभिभावक अपनी बेटियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर टीकाकरण अवश्य कराएं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग का अमला, संबंधित अधिकारीगण सहित आमजन उपस्थित रहे।

# आईटीआई धामनोद के विद्यार्थियों ने समझी ट्रांसमिशन नेटवर्क की कार्य प्रणाली




दिलीप पाटीदार

धार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) धामनोद के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक एवं व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम पी ट्रांसको) के 132 केवी सब स्टेशन जैतापुरा-पलासिया का औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का आयोजन कार्यपालन अभियंता श्रीमती विनीता भावसार के मार्गदर्शन में किया गया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को 132 केवी सब स्टेशन जैतापुर पलासिया सहित संपूर्ण ट्रांसमिशन नेटवर्क की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। उन्हें विद्युत पारेषण की प्रक्रिया, अति उच्च दाब (एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज) विद्युत के पारेषण, ट्रांसफॉर्मरों की भूमिका, ट्रांसमिशन नेटवर्क की संरचना एवं नियंत्रण प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

सब स्टेशन के कनिष्ठ अभियंता श्री आत्माराम पटेल ने सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न उपकरणों जैसे पावर ट्रांसफॉर्मर, सर्किट ब्रेकर, आइसोलेटर एवं अन्य महत्वपूर्ण यंत्रों के संचालन और उपयोगिता के बारे में समझाया। साथ ही उन्होंने विद्युत सुरक्षा के महत्व और कार्यस्थल पर अपनाई जाने वाली सावधानियों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने तकनीकी पहलुओं से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका सरल और व्यावहारिक तरीके से समाधान किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को विद्युत पारेषण तंत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली को निकट से समझने का अवसर मिला, जिससे उनके तकनीकी ज्ञान और कौशल में वृद्धि हुई। संस्थान के प्राध्यापकों ने इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 31 मार्च 2026 से 6 अप्रैल 2026 तक



# महिला सुरक्षा एवं उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे, किया गया एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन

महिला अपराधो व उनकी सुरक्षा, स्थानीय कुरुतियो, बाल विवाह के प्रति जनजागरूकता के साथ ही महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं से करवाया रूबरू

महिलाओं के हितों व सुरक्षा के लिये सामाजिक रूप से सक्रिय महिलाओं ने जान, महिला अपराधों से जुड़े विभिन्न प्रावधान एवंसेल्फ डिफेन्स की टिप्स

महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वालो को वालो को किया सम्मानित।*

**आदित्य शर्मा**



इंदौर- महिला अपराधों व उनकी सुरक्षा तथा उनके बेहतर संरक्षण के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल के दिशा निर्देशन मे अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे महिला अपराधो व उनकी सुरक्षा, स्थानीय कुरुतियो, बाल विवाह एवं संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इन्दौर पुलिस द्वारा पर्यटन विभाग के सहयोग से आज दिनांक 28.03.26 को एक दिवसीय विशेष जागरुकता कार्यशाला का आयोजन शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल गोपाल मंदिर के गीता भवन में किया गया। उक्त कार्यशाला मे पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह की विशेष उपस्थिति मे, अति. पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) नगरीय इंदौर श्री आर.के. सिंह, पुलिस उपायुक्त जोन-04 श्री आनंद कलादगी, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) श्री प्रकाशचंद परिहार, अति. पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा शाखा) सुश्री संध्या राय, अति पुलिस उपायुक्त (क्राइम) श्री राजेश दंडोतिया, आईआईएम इंदौर से श्रीमती सानू मेहता, असिस्टेंट प्रोफेसर लॉ कॉलेज श्री निर्मल पगारिया, डॉक्टर कल्पना तथा महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, अपराजिता, आरंभ एनजीओं के पदाधिकारी व सदस्यगण सहित शहर में महिलाओं के प्रति सामाजिक रूप से सक्रिय शोर्य दल, सेवा दल की सामाजिक रूप से सक्रिय महिला सदस्यगण तथा पर्यटन विभाग द्वारा महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षित महिलाएं सम्मिलित हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ अति पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) श्रीमती संध्या राय द्वारा करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा से अवगत कराते हुए, क्रार्यक्रम मे पधारे अतिथिगणों का स्वागत भाषण से अभिवादन किया गया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा महिला सशक्तिकरण में पुलिस विभाग द्वारा महिला संबंधित अपराधों को रोकने, सामाजिक कुरितियां व बाल विवाह जैसे मुद्दों पर किये जा रहे प्रयासो के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं की सरक्षा व उनके सशक्तिकरण हेतु इंदौर पुलिस लगातार प्रयासरत् है, इसी कड़ी में पुलिस द्वारा सृजन, अभिमन्यु, सम्मान एकीकृत कार्यक्रमों का आयोजन तथा थाना क्षेत्रों में निरतंर मोहल्ला मीटिंग का आयोजन कर, महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। इंदौर पुलिस द्वारा सृजन अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से लगभग 12583 किशोरवर्ग की बालिकाओ को सम्मिलित कर, उन्हें जागरूक कर सशक्त बनानें का प्रयास किया है, उक्त बालिकाएं व्हाट्सअप ग्रुप से माध्यम से भी पुलिस टीम से जुडकर अपनी समस्याओं के संबंध में लगातार मार्गदर्शन प्राप्त कर रही है।

पुलिस टीमों द्वार विगत एक वर्ष में मुस्कान अभियान के तहत समय-समय पर स्कूल, कॉलेज, संस्थानों, मोहल्लों पर आयोजन कर 1.54 लाख महिलाओं को जागरूकता अभियान से जोड़कर उन्हें विभिन्न विषयों पर जागरूक किया है तथा महिलाओं की सुरक्षा हेतु प्रत्येक थाना पर उर्जा डेस्क, एंटी ह्यूमन टेªफिकिंग यूनिट, व्ही केयर फार यू, महिला हेल्प डेस्क, महिला पीसीआर लगातार कार्यरत होकर, सेवाएं दे रही हैं। इसके साथ ही उन्होंनें सभी से कहा कि महिला अपराधों की राकथाम, उनकी की सुरक्षा व सशक्तिकरण में, पुलिस व प्रशासन के साथ-साथ समाज की भागीदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिये हमें अपराधों पर कानूनी प्रावधानों के तहत कार्यवाही के साथ-साथ इसके संबंध में समाज में जन-जागरूकता लाने के भी प्रयास निरंतर रूप से करना चाहिए। कार्यशाला में आएं अतिथि विशेषज्ञों ने महिला संबंधी अपराधों पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण जानकारिया दी गई- आईआईएम इंदौर की श्रीमती सानू मेहता ने महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण में वित्तीय मैनेजमेंट व फांनेशियल लिटरेसी पर प्रकाश डाला, साथ ही लॉ कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री निर्मल पगारिया द्वारा महिला सुरक्षा के विभिन्न प्रावधानों व विधिक सेवा प्राधिकरण में पीड़ित महिलाओं के लियें किस प्रकार की विधिक सहायता मिलती है की जानकारी दी गयी। इसके साथ ही सभी अतिथियों ने सामाजिक कुरितिया व बाल विवाह, तथा महिलाओं व बच्चों के संरक्षण हेतु शासन की विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी और उनके शिक्षा व स्वास्थ्य व सुरक्षा को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान पर्यटन विभाग, एनजीओं अपराजिता व आरंभ के द्वारा पर्यटन स्थल पर महिलाओं के लिये सुरक्षित माहौल हो व महिलाएं सशक्त कैसे हो इस विषय पर प्रस्तुति दी गई। कार्यशाला में आई सभी महिलाओं को अति.पुलिस उपायुक्त श्रीमती संध्या राय द्वारा महिलाओं की सुरक्षा व उनके हितो के लिये कार्यरत् संस्थाओं व विभिन्न कानूनी प्रावधानों के बारें में जानकारी देतें हुए, शासन व पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाईन के बारें में भी अवगत करवाया गया। इस दौरान कार्यशाला में प्रशिक्षित बालिकाओं द्वारा सेल्फ डिफेंस की विभिन्न टेकनिक्स द्वारा अपनी आत्मरक्षा कैसें करें, इसका उत्कृष्ट प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्री महेंद्र पाठक, अपराजिता एनजीओ की सुश्री रेखा जी, थाना छत्रीपुरा की उप निरीक्षक शीतू जरिया को सम्मानित कर, उनकी सराहना की गयी।

# 11वीं मध्य प्रदेश स्टेट सीनियर सेपकटकरा चैंपियनशिप का हुआ शुभारम्भ

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 11वीं मध्य प्रदेश स्टेट सीनियर सेपकटकरा चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता 29



से 31 मार्च 2026 तक आयोजित की जा रही है। जिला सचिव श्री रामकिशोर चैरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 24-25 जिलों से लगभग 200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मध्य प्रदेश सेपकटकरा एसोसिएशन के सचिव श्री प्रतीक केसरवानी, सह सचिव श्री आशीष मिश्रा तथा जिला शहडोल खेल एवं युवा कल्याण विभाग के श्री कमलकान्त साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेपकटकरा जैसे खेल युवाओं को अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास की भावना से जोड़ते हैं तथा उन्हें अपने भविष्य को नई दिशा देने के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही, ऐसे आयोजन राज्य एवं देश का नाम रोशन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नगरपालिका द्वारा किए जा रहे स्वच्छता कार्य का सी.एम.ओ ने किया निरीक्षण

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल। नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु निरंतर विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में लल्लू सिंह चैराहा से न्यू बस स्टैंड तक मुख्य मार्ग पर लगातार दूसरे दिन भी सघन सफाई अभियान चलाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने नगर में किए गए सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना नगर पालिका के साथ-साथ नागरिकों की भी साझा जिम्मेदारी है। सभी नागरिक अपने घरों का कचरा निर्धारित कचरा वाहन में ही डालें तथा दुकानदार अनिवार्य रूप से डस्टबिन का उपयोग करें।

उन्होंने संबंधित जोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि नगर के सभी वार्डों एवं प्रमुख मार्गों पर नियमित एवं प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा किया कि स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सफाई कार्य के दौरान अटल पथ रोड के दोनों ओर स्वच्छता मित्रों द्वारा झाड़ू लगाकर धूल एवं मिट्टी को हटाया गया। साथ ही जेसीबी मशीन की सहायता से कचरे का संकलन कर उसका वैज्ञानिक तरीके से निपटान सुनिश्चित किया गया। मार्ग किनारे उगी झाड़ियों की कटाई कर मलबे को व्यवस्थित रूप से डंप कराया गया। इस अवसर पर स्वच्छता नोडल अधिकारी श्री पुनीत त्रिपाठी, स्वास्थ्य निरीक्षक श्री अनिल महोबिया, श्री महेश साहू उपस्थित रहे।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )